हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, गुरुवार, 24 अप्रैल 2025


# आज मनाई जाएगी बाबा ताजुद्दीन रहमतुल्लाह अलैह की छब्बीसवीं

**नागपुर.**



महान सूफी संत हजरत बाबा ताजुद्दीन रहमतुल्लाह अलैह की छब्बीसवीं शरीफ शुक्रवार को धूमधाम से मनाई जाएगी. छब्बीसवीं शरीफ के अवसर पर ताजबाग स्थित हजरत बाबा सैयद मोहम्मद ताजुद्दीन रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह में विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे. सर्वप्रथम सुबह 8 बजे हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट कार्यालय में दस्तारबंदी की रस्म अदा की जाएगी. इसके बाद सुबह 9 बजे श्रद्धालुओं की मौजूदगी में दरगाह परिसर में परचम कुशाई की रस्म होगी. परचम कुशाई के बाद सुख-शांति के लिए दुआ मांगी जाएगी. पश्चात सलातो सलाम पढ़ा जाएगा. इसके अलावा दरगाह परिसर के लंगरखाने में लंगर वितरण का कार्यक्रम चलेगा. दरगाह में शमा महफिल, कव्वाली, मिलाद शरीफ के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे. हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट के चेयरमैन प्यारे जिया खान, सचिव ताज अहमद राजा, उपाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र जिचकार, ट्रस्टी हाजी फारूखभाई बावला, गजेंद्रपाल सिंह लोहिया, मुस्तफाभाई टोपीवाला, हाजी इमरान खान ताजी, बाबा ताजुद्दीन दरगाह खुद्दाम कमेटी के अध्यक्ष सैयद मोबिन ताजी ने सभी श्रद्धालुओं से छब्बीसवीं में शामिल होने की अपील की है.

## हजरत मरियम अम्मा के उर्स पर 26 को निकलेगा संदल

हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट की जानिब से हर वर्ष की तरह इस साल भी ताजबाग दरगाह परिसर से हजरत मरियम अम्मा साहिबा कामठी वाले के सालाना उर्स के अवसर पर विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. 26 अप्रैल को ताजबाग से कामठी स्थित हजरत मरियम अम्मा की दरगाह के लिए ताजबाग से संदल निकाला जाएगा.

# पूर्व विधायक गिरीश व्यास का सत्कार किया



**नागपुर.** पूर्व विधायक मा. श्री गिरीशजी व्यास को भंडारा, गोंदिया, यवतमाल, गडचिरोली, व पुसद जिल्हे के भाजपा संघटन के जिल्हाध्यक्ष पड़ पर नियुक्त करने हेतु पर्यवेक्षक बनने पर श्री मनोज अग्रवाल के अगुआई में पुष्पगुच्छ देकर सत्कार किया। सत्कार करने में मनोज अग्रवाल के साथ श्री नरेश जुम्मानी, श्री मनोज तिवारी, श्री जयंत व्यास उपस्थित थे। मा. श्री गिरिशजी व्यास पर्यवेक्षक के रूप में जिल्हे में सभी वार्ड अध्यक्ष, शक्ती केंद्र प्रमुख, बूथप्रमुख, आघाडी प्रमुख, जिल्हा मंडल पदाधिकारी तथा सभी प्रमुख कार्यकर्ताओ से चर्चा एवं संवाद करेंगे.उन्होंने बताया कि युवा मोर्चा, एबीवीपी सहित अन्य संगठनों में काम कर चुके युवाओं को भाजपा में प्रमुख जिम्मेदारी दी जा रही है। साथ ही आदिवासी, अनुसूचित वर्ग का नेतृत्व भी तैयार किया जा रहा है।

# सिविल लाइन्स के सरकारी गोदाम में लगी आग



**नागपुर.** गर्मी शुरू होते ही आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। मंगलवार रात 8.30 बजे सिविल लाइन्स स्थित सरकारी गोदाम में आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही लोकनिर्माण विभाग के उपविभागिया अभियंता संजय उपाध्ये ने नागपुर महानगर पालिका सहित अग्निशमन विभाग को जानकारी दी। जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। गोदाम में महाराष्ट्र सरकार के कई विभागों के कीमती सामान रखे हुए थे। अधिकारी संजय उपाध्ये की सतर्कता और मनपा सहित अग्निशमन विभाग की तत्परता ने राज्य सरकार को एक बड़े नुकसान से बचा लिया। सिविल लाइंस स्थित लोक निर्माण विभाग क्रमांक तीन कार्यालय के पीछे राज्य सरकार का गोडाउन मौजूद है। जहां लोकनिर्माण सहित विभिन्न विभागों की कीमती वस्तुएं और स्क्रैप रखा हुआ है। मंगलवार शाम साढ़े आठ बजे अचानक गोदाम में आग लग गई। आग लगते ही सबसे पहले जानकारी लोकनिर्माण विभाग उपअभियांता संजय उपाध्ये को मिली। उन्होंने तुरंत इसकी जानकारी नागपुर महानगर पालिका की अभियंता लीना उपाध्ये को दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए अभिजीत कुंचेवार ने मनपा के अग्निशमन विभाग को जानकारी दी। जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। गोदाम में घुसने और आग बुझाने के लिए गोदाम की दीवार तोड़ना जरूरी था। इसको देखते हुए अभिजीत ने मनपा का बुलडोजर उपलब्ध कराया। लेकिन बुलडोजर से दीवार तोड़ने की जरुरत नहीं पड़ी, और अग्निशमन विभाग ने अंदर जाकर तत्काल आग पर काबू पाया। गोदाम महाराष्ट्र सरकार के कई विभाग इस्तेमाल करते हैं, जिसमें करोड़ का सामान रखा रहता है। आग लगने से बड़ा नुकसान होने की आशंका थी, लेकिन अधिकारी संजय उपाध्ये की सजगता और मनपा समेत अग्निशमन विभाग की तत्परता से सरकार को होने वाले बड़े नुकसान से बचा लिया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद लोकनिर्माण विभाग के कई बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

# जमाअ़त ए इस्लामी हिंद ने मनाया 'सद्भावना ईद मिलन समारोह'

**नागपुर.**






जमाअत ए इस्लामी हिंद संगठना समाज में सद्भावना, प्रेम और शांति निर्माण करने के लिए प्रयासरत है। इन्हीं मार्ग निर्देशन के लिए हम यहां एकत्रित हुये हैं। इस प्रकार के चरित्र निर्माण के लिए पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने हमें सलाम को आम करने का तरीक़ा बताया। सलाम का अर्थ शांति के होते हैं अर्थात अल्लाह की आप पर शान्ति हो। पैग़म्बर साहब ने यह भी कहा कि "अपने भाई से मुस्करा कर मिला करो, यह सदका (चैरिटी) है"। भाई के लिए यह नहीं कि वह सिर्फ़ मुसलमान ही हो। "एक दूसरे को उपहार दिया करो , साथ मिलकर खाना खाया करो, समूह में भोजन किया करो, इससे आपस मे प्रेम निर्माण होता है"। ये विचार औरंगाबाद से पधारे इंजीनियर वाजिद क़ादरी ने "सद्भावना ईद मिलन समारोह" के अध्यक्षीय भाषण में व्यक्त किये। यह कार्यक्रम जमाअत ए इस्लामी हिंद नागपुर नॉर्थ वेस्ट के तत्वावधान में झींगाबाई टाकली के आविष्कार कालोनी में स्थित "दारुस्सलाम ऑडिटोरियम हॉल" में आयोजित हुआ था। उन्होंने अपने संबोधन में आपसी भाईचारे एवं सद्भावना की भावना को बढ़ाने का प्रयास भी किया।

इस अवसर पर प्रोफेसर सुनील जैयसवाल ने कहा कि हमें सबसे पहले अपने आप को कट्टर इंसान कहना चाहिए तब कहीं जाकर हम एक दूसरे के बारे मे बुरा नहीं सोचेंगे। इस प्रकार शांति और सद्भावना के प्रयास आगे बढ़ सकते हैं। प्रोफेसर मनोज मडावी ने कहा कि कुछ नकारात्मक मानसिकताओं की बातें विशेष संप्रदाय, धर्म और जनजातियों के प्रति चल रही हैं, उन्हें हम वैचारिक सिद्धांतों के बल पर हरा सकते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ नरेंद्र जिचकर, विठ्ठल गुरुजी तथा नितीन सरदार ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का आरंभ क़ारी इस्हाक़ ने पवित्र क़ुरआन के पठन से किया था। डॉ अयूब खान कार्यक्रम का संचालन तथा आभार व्यक्त किया। एक अन्य कार्यक्रम जो कि टेका के "स्टडी सर्किल हाल" में आयोजित हुआ था, उसमें रऊफ़ शेख़ ने उपस्थित शहरवासियों को वक़्फ के संबंध में बताया कि वक़्फ़ की ज़मीन पर अतिक्रमण करने वालों को पहले 2 साल की सज़ा दी जाती थी और प्रकरण ट्रिब्यूनल कोर्ट में सुना जाता था। वक़्फ़ संशोधित विधेयक में सज़ा को घटाकर 6 महीने कर दिया गया है। वक़्फ़ संशोधन विधेयक को लेकर यह मामला सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है। जिस तरह बोधगया में कानूनी लड़ाई 130 वर्षों से चल रही है, संभावना है कि उसी तरह वक्फ़ संशोधन विधेयक को निरस्त करने का मुद्दा भी जारी रहेगा। अशफाकुर रहमान ने पवित्र क़ुरआन का पाठ और उसकी व्याख्या तथा साजिद अहमद, अय्यूब खान, समता सैनिक दल के मिलिंद पाखले और सुनील महोदय ने अपने विचार व्यक्त किये थे।

# ताजआबाद क्षेत्र में गंदे पानी की सप्लाई से नागरिक परेशान



## एआईएमआईएम पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

**नागपुर.**

पिछले कुछ महीनो से ताजआबाद क्षेत्र के विविध बस्ती में जैसे तौहिद नगर, औलिया नगर व औलिया नगर झोपडपट्टी, सिन्दीबन झोपडपट्टी, ताजआबाद पिली स्कुल, दरबार मेन रोड, चांद बाबा घर के पास का परीसर, या फिर नई सराय के पिछे का भाग, देहली वाली अंमा दरगाह परीसर तथा देहली वाली अंमा दरगाह का बाबा ताज दरबार जाने वाला मेन रोड इन क्षेत्रों में नागरीको को नल व्दारा पिने के पानी की पाईप लाईन से गडर का गंदा बदबूदार पाणी पिणे के लिये मिल रहा है. इस वजह से नागरीको में विविध प्रकार की जानलेवा बीमारीयां हो रही है, तो कही पर नल को पानी नही आरहा है. वहा पानी का टेंकर भेजने की व्यवस्था भी नहीं हैं.

पिने के पानी को लेकर नागरीको में भारी रोष व्याप्त है. ऐसी गंभीर समस्याओं को लेकर नागरीको को जिवन यापन करना पड रहा है. ऐसे गंभिर विषय को लेकर ए आई एम आई एम. ने ओ सी डब्लू. विभागिय अभियंता, जल प्रदाय विभाग. के.जवाहर नायक को ज्ञापन सौंपा और लिखित पत्र दिया गया जिसमे बस्ती के अनुसार पिने के पानी की समस्या को हल करे. समस्या जब तक हल नहीं होती तब तक पिने के पानी की पुरती टेंकर भेजकर पूरी की जाये. आगे मई महीने में गर्मी का सिजन हैं नागरीको को नियमित रूप से पिने के स्वच्छ पानी की व्यवस्था की जाये.

अगर पिने के पानी की समस्या जल्द हल नहीं हुई तो जलप्रदाय प्रशासन के कार्यालय में ताला बंद. काम बंद. आंदोलन किया जाएगा. ज्ञापन सौपते समय नेता शकील पटेल. इसहाक मन्सुरी. कलिम मिरकाशिम. खादिम अमिन ताजी सबदर अमिर. निसार ताजी. सै समिर अली. इसहाक कुरेशी. गुलमोहम्मद. कदिर शेख. फिरोज शेख. अहमद सेठ. अफजल पठान. साबेरा याशिन. शबनम शेख. वालिया बरशी. निसार अली. शमसुद्दीन ताजी. सोहेल खान. सै फहीम सर. अय्युब खान. अन्य नागरिक महिला पुरुष व कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# जैन मंदीर तोड़ने पर सकल जैन समाज का निषेध

**नागपुर.**




विले पार्ले इस्ट मुंबई स्थित पुराने पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदीर को तोडे जाने के विरोध में सकल जैन समाज का आकोश फूट पड़ा इस कारवाई के विरोध में एवं हल के लिये शांतिपूर्ण सकल जैन समाज नागपुर व्दारा गुरुवार को सुबह 7 बजे नवनिर्माण परवार दिगंबर जैन मंदीर से रैली निकाली जायेगी। जो नेहरु पुतला, शहीद चौक, टांगा स्टेंड होते हुये गांधी पुतला चौक में सभा में परिवर्तीत होगी। रैली में निर्यापक श्रमण मुनीश्री वीरसागरजी महाराज, प.पू. मुनिराज प्रशमरतीविजयजी म.सा. प.पू.सा.श्री राजरत्नश्रीजी म.सा. एवं आर्यिका संघ आदि साधु-साध्वी गण के सान्निध्य में सकल जैन समाज के पुरुष वर्ग, महिला वर्ग, युवा वर्ग लगभग हजारों के साथ रैली शांतिपूर्ण निकलेगी। सभा को प.पू. निर्यापक श्रमण मुनीश्री वीरसागरजी एवं अन्य संबोधित करेंगे। स्मरण रहे कि विले पार्ले मुंबई में जैन मंदीर को ढहाया गया। इसके साथ ही राजस्थानी दिगंबर जैन मंदीर, शुक्रवारी नागपुर में मूर्तियों की चोरी हुई, चोर मिला पर मुर्तियां नहीं मिली। सिंगोली में जैन मुनियों पर हमला हुआ। इन सब घटनों पर जैन मुनियों के विहार में होनेवाली दुर्घटनाओं के मुद्दों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा। पत्रकार परिषद को सकल जैन समाज के गणमान्यों ने संबोधित किया साथ ही प.पू. निर्यापक श्रमण मुनीश्री वीरसागर महाराज के आशिर्वचन हुए। यह जानकारी प्रचार प्रसार मंत्री हिराचंद मिश्रीकोटकर ने दी।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.** वाठोडा पुलिस थाना अंतर्गत दुष्कर्म के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 25 वर्षीय पीड़िता की आरोपी से जान-पहचान एक होटल में हुई थी आरोपी होटल मे कुक का काम करता था जबकि पीड़िता उसी होटल मे वेटर का काम करती थी। उनके बीच दोस्ती और प्रेम संबंध स्थापित हो गए। आरोपी आशीष अरुण (33) रमना मारोती नंदनवन निवासी ने दिनांक 25 सितंबर 2024 से 21 अप्रैल 2025 के बीच दोपहर 3 बजे तक पीड़िता को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब पीड़िता ने शादी के बारे में कहा तो आरोपी टालमटोल करने लगा। पीड़िता के गर्भवती होने पर जब उसने आरोपी से शादी करने को कहा तो उसने इनकार कर दिया। इस संबंध में पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर वाठोडा पुलिस स्टेशन में सहायक पुलिस उपनिरीक्षक तिडके ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है। पुलिस ने उसे कोर्ट में भी पेश किया जहां कोर्ट ने उसे 3 दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड में भेजा है।

# खेलते समय दूसरी मंजिल से गिरी मासूम बच्ची, मौत

**नागपुर.** पारडी क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में मासूम बच्ची की जान चली गई। घटना भांडेवाड़ी स्थित रामधुनी सोसायटी की है, जहां फ्लैट नंबर 144 में रहने वाली हितांशी प्रफुल चौवर (उम्र 1 वर्ष 10 माह) खेलते-खेलते अचानक दूसरी मंजिल से नीचे गिर गई। हादसे में उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं। परिजनों ने तुरंत उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। हालांकि, इलाज के दौरान 22 अप्रैल 2025 की सुबह 7 बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पारडी पुलिस थाने में सूचना के आधार पर अकस्मात मृत्यु की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस आगे की जांच में जुटी है।

# तड़ीपार आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.**



क्राइम ब्रांच यूनिट 1 की टीम ने बजाजनगर थाना क्षेत्र में एक तड़ीपार आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, दिनांक 22 अप्रैल को रात करीब 9:45 बजे क्राइम ब्रांच की टीम बजाजनगर क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि श्रद्धानंदपेठ बस स्टॉप के पास चिकन सेंटर के नजदीक एक तड़ीपार आरोपी संदिग्ध रूप से खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची तो एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। उसे पीछा कर पकड़ा गया और पूछताछ में उसने अपना नाम करण अशोक डकाह (29) लक्ष्मीनगर, बजाजनगर निवासी बताया। जांच में सामने आया कि करण डकाह को पुलिस उप आयुक्त परिमंडल क्र. 1 द्वारा नागपुर शहर व ग्रामीण क्षेत्र से दो वर्षों के लिए तड़ीपार किया गया था। बावजूद इसके, आरोपी बिना किसी अधिकृत अनुमति के यहां मिला और किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। करण डकाह द्वारा मनाई आदेश का उल्लंघन किए जाने पर बजाजनगर थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 142 महाराष्ट्र पोलीस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।




# लोहे की डील में व्यापारी से 4.31 करोड़ की ठगी

**नागपुर.**

कलमना थाना क्षेत्र में करोड़ों रुपये की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जबकि दूसरा आरोपी अब भी फरार बताया जा रहा है। फरियादी सैय्यद फरहान सैय्यद फिरोज, जो कि टीएमटी लोहे के व्यापारी हैं और वर्तमान में नागपुर के नेताजी नगर इलाके में किराए पर रहते हैं, उन्होंने आरोप लगाया है कि मई 2024 से दिसंबर 2024 के बीच उनकी मुलाकात लोहे के व्यापार से जुड़े आरोपी मुर्तुजा युसुफ शाकीर और शिरीन युसुफ शाकीर से हुई थी। दोनों आरोपी मोमीनपुरा, तहसील के निवासी हैं। आरोपियों ने फरियादी को बाजार भाव से 10-15 रुपये कम दर में लोहा देने का लालच देकर उनका विश्वास जीत लिया। शुरुआत में सही डिलीवरी देकर विश्वास कायम किया गया, लेकिन बाद में फरियादी से नकद और आरटीजीएस के माध्यम से कुल 4.31 करोड़ रुपये वसूलने के बावजूद माल की आपूर्ति नहीं की गई। आरोपियों ने व्हॉट्सऐप पर नकली इनवॉइस और लेज़र भेजकर फरियादी को धोखा दिया। फरियादी की शिकायत और जांच के आधार पर कलमणा पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता की धाराएं 318(4), 316(2), 336(3), 338, 340(2), 60(B), 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी मुर्तुजा युसुफ शाकीर को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

# एमडी पाउडर के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

## 1.90 लाख का माल जब्त, अजनी पुलिस की कार्रवाई

**नागपुर.**


अजनी पुलिस ने ड्रग्स के खिलाफ एक कार्रवाई करते हुए 22 अप्रैल 2025 की रात को एमडी पाउडर के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई रात 2:50 से 4:20 के बीच वंजारी नगर पुलिया के पास की गई, जहां पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दो युवक ड्रग्स की सप्लाई के इरादे से आने वाले हैं। पुख्ता जानकारी के आधार पर पुलिस ने जाल बिछाकर दो व्यक्तियों को पकड़ा। पूछताछ में उनकी पहचान युगल पुरुषोत्तम नारखेडे (28)अजनी रेल्वे क्वार्टर, न और शेख जावेद शेख साबीद (32) प्लॉट नंबर 271, आशीर्वाद नगर निवासी के रूप में हुई। पुलिस ने उनकी तलाशी के दौरान उनके पास से एक पन्नी में रखे 5 ग्राम एमडी पाउडर, दो मोबाइल फोन, एक काली होंडा शाइन (एम एच-49- एएन-5759) और एक एक्टिवा स्कूटर (एम एच-49- एए -4397) बरामद की। जब्त कुल सामग्री की कीमत लगभग 1,90,000 रुपये बताई जा रही है। आरोपी प्रतिबंधित ड्रग एमडी पाउडर को आर्थिक लाभ के लिए बेचने की तैयारी में थे।




# काटोल तहसील की 82 ग्राम पंचायतों में सरपंच पदों के लिए आरक्षण घोषित

## > 42 सरपंच पद महिलाओं के लिए आरक्षित




**काटोल.**

काटोल तहसील के तहसीलदार कार्यालय में आज सुबह 11:30 बजे ग्राम पंचायतों के सरपंच पदों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की गई। यह आरक्षण प्रक्रिया तहसील कार्यालय के प्रशासनिक भवन के भूतल पर तहसीलदार राजू रणवीर और नायब तहसीलदार संजय भुजाडे की उपस्थिति में संपन्न हुई।

मुंबई ग्राम पंचायत (सरपंच और उपसरपंच) चुनाव नियम 1964 के अनुसार तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय, मुंबई द्वारा जारी महाराष्ट्र सरकार के राजपत्र (असाधारण भाग चार 'बी', दिनांक 5 मार्च 2025) के तहत यह आरक्षण 2025 से 2030 तक होने वाले ग्राम पंचायत आम चुनावों को ध्यान में रखते हुए तय किया गया है। इस तरह कुल 82 ग्राम पंचायतों में से 42 सरपंच पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं, जिससे महिलाओं को ग्रामीण नेतृत्व में अधिक अवसर मिलेंगे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, वर्तमान और पूर्व सरपंच, उपसरपंच, ग्राम पंचायत सदस्य, पूर्व जिला परिषद सदस्य, तथा पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे।

**आरक्षण का वर्गानुसार विवरण इस प्रकार है:**
अनुसूचित जाति (ऐसी): 13 सरपंच पद आरक्षित, जिनमें 07 महिला
जनजाति (एसटी): 14 पद आरक्षित, जिनमें 07 महिला
अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी): 14 पद आरक्षित, जिनमें 07 महिला
सामान्य वर्ग (ओपन): 41 पद आरक्षित, जिनमें 21 महिला

पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता और नियमों के अनुसार संपन्न हुई, जिसकी जानकारी तहसीलदार राजू रणवीर और नायब तहसीलदार संजय भुजाडे ने दी।

# नवोदय विद्यालय में संपन्न हुई राज्य स्तरीय तायक्वोंडो स्पर्धा

**पारशिवनी.**




नवेगांव खैरी स्थित नवोदय विद्यालय में 21 और 22 अप्रैल को राज्य स्तरीय तायक्वोंडो स्पर्धा का आयोजन किया गया। इस रिजनल स्तर की स्पर्धा में महाराष्ट्र और गुजरात राज्यों से कुल 125 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा को माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ की गई। विभिन्न आयु वर्गों की इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में नयन देशमुख और शर्वरी तागडे को विशेष सम्मान प्राप्त हुआ। विद्यालय के उपप्राचार्य मोहित कुमार ने उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। स्पर्धा के परिणाम स्वरूप जनवरी अहमदनगर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर जनवी सिलवासा रही, जबकि तृतीय स्थान जनवरी रायगढ़ को प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में तायक्वोंडो एसोसिएशन सावनेर से प्रतीक बांबोले, सुशांत भोयर, ऋषिकेश भालेराव, करण नानवटकर, भावेश सहारे, अंजली कश्यप, श्रुति मालवीय और काजल वर्मा उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त मंजुला जनवी (गांधीनगर), त्रिप्ती सोनार (धुले), शीतल (रत्नागिरी), नीतू जैन (सिलवासा), प्रियांका जमदाड़े (सोलापुर), ज्योति शर्मा (पंचमहल), निकिता सत्वधर (नांदेड़), अनघा पंडित (रायगढ़) और अतुल मिटकरी (रायगढ़) छात्र-छात्राओं के साथ आए हुए थे। कार्यक्रम की सफलता में गुरुदेव कोरचे, सलमा चौधरी और अन्य शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

# निखिल येलणे और डॉ. विनोद जुवार की मंडल अध्यक्ष पद पर नियुक्ति

**कुही.**





रविवार को नागपुर जिले के सभी तहसीलों में नवगठित सर्कल आधारित मंडलों के अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। इस नियुक्ति प्रक्रिया में कुही नगरसेवक निखिल येळणे को कुही मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि डॉ. विनोद जुवार को मांढल मंडल का अध्यक्ष बनाया गया है।

भाजपा के संगठनात्मक दृष्टिकोण से प्रत्येक तहसील को दो सर्कलों में विभाजित कर एक मंडल का गठन किया गया है। कुही नगरपंचायत क्षेत्र, जिला परिषद सर्कल राजोला और सर्कल सिल्ली-तितुर को मिलाकर कुही मंडल बनाया गया है। वहीं, मांढल जिला परिषद सर्कल और वेलतुर सर्कल को मिलाकर मांढल मंडल का गठन किया गया है।

गत सप्ताह इन दोनों मंडलों में भाजपा के सभी सेल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें मंडल अध्यक्ष पद के लिए नाम आमंत्रित किए गए थे। इस सूची में कई वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल थे। संगठनात्मक अनुभव और कार्यकर्ताओं की पसंद को ध्यान में रखते हुए कुही मंडल अध्यक्ष पद के लिए निखिल येळणे का चयन किया गया। वहीं, मांढल मंडल अध्यक्ष के रूप में डॉ. विनोद जुवार को नियुक्त किया गया है।

# महावीर इंटरनेशनल ने छल्लानी का किया स्वागत

**कामठी.**



जैन समाज के वरिष्ठ, कैन्टोन्मेंट बोर्डे के पूर्व वाईस प्रेसिडेंट और कामठी कांग्रेस कमेठी के वरिष्ठ नेता युगचंद छल्लानी के जन्मदिवस के अवसर पर महावीर इंटरनेशनल के कामठी सेंटर में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल कामठी शाखा के चेयरमेन भरत छल्लानी, भारतीय जैन संगठना कामठी के अध्यक्ष आशीष छल्लानी, जैन नवयुवक मंडल के पदाधिकारी आशीष ठोल्य, हेमचंद छल्लानी, त्रिलोकचंद छल्लानी, मनीष छल्लानी, नवीन छल्लानी, रूपेश बाकलीवाल, सुरेश कर्नावट ने युगचंद छल्लानी को पुष्पगुच्छ प्रदान कर शुभकामनाएं दीं। मौके पर उपस्थित अभय छल्लानी ने सभी का स्वागत किया और उनके साथ भाविक छल्लानी, कुशल छल्लानी, सारथक छल्लानी और प्रियल छल्लानी, सरिता छल्लानी, निकिता छल्लानी भी मौजूद रहे। युगचंद छल्लानी कामठी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं और उन्होंने अपने जीवन में समाज के लिए कई महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं। इस अवसर पर उन्हें सम्मानित करने के लिए बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए और उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं।

# पूर्व सांसद जतिराम बर्वे की जयंती मनाई गई

## > जीरो माइल परिसर में हुआ आयोजन

**नागपुर.**



रामटेक के पूर्व सांसद और स्वाधीनता सेनानी स्व. जतिराम बर्वे की जयंती का आयोजन जीरो माइल परिसर में आदिवासी ढिवर समाज संगठन और ढिवर समाज महिला संघटना की ओर से किया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश शिवरकर के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। भारतीय भोई विकास मंडल के महासचिव दिलीप मेश्राम विशेष रूप से उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम में दिलीप मेश्राम ने समाज को संबोधित करते हुए जीरो माइल स्थित जमीन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने मेट्रो सौंदर्यकरण के नाम पर यह जमीन अधिग्रहित की थी, लेकिन बाद में मेट्रो विभाग ने कहा कि यह जगह उनके काम की नहीं है और इसे समाज को वापस किया जाना चाहिए। हालांकि, इस मुद्दे पर कोई समाधान नहीं निकला। दिलीप मेश्राम ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की थी, और गडकरी ने तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर समाज को न्याय दिलाने की बात कही थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

समाजसेवी सुरेश शिवरकर ने भी इस मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि अब समय आ गया है जब समाज को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। उन्होंने कहा कि कई आंदोलनों, धरना-प्रदर्शन और उपोषण के बाद भी कोई समाधान नहीं मिला है, अब पूरे समाज को एक साथ आकर इस मुद्दे के लिए तीव्र आंदोलन करना होगा। कार्यक्रम में प्रभाकर मांढरे, वनिता नगरे, दुर्गा शिवरकर, नंदा शिवरकर, रश्मि नान्हे, फागो उके, मनोज नगरे, गणेश मोहनकर, बालू डायरे, युवराज नागपुरे सहित कई अन्य सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

इस अवसर पर राजकुमार कर्णेके, अशोक भोयर, गोविंद डायरे, धनराज कर्णेके, राजेंद्र नान्हे, मनोज नान्हे, मनोहर भोयर, प्रमोद बावने और अशोक भोयर भी उपस्थित थे।

# तहसील के 45 ग्रापं सरपंच पद के 23 सरपंच पद महिलाओं के लिए आरक्षित

**कामठी.**




जिला अधिकारी डा. विपीन इटनकर के आदेश पर कामठी तहसील कार्यालय के सभागृह में तहसीलदार गणेश जगदले की अध्यक्षता में आयोजित सभा में 45 सरपंच पद के आरक्षण की घोषणा की गई। जिसमें 23 ग्राम पंचायतों के सरपंच पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए। कार्यक्रम में 8 वर्षीय बालिका चैत्राक्षी सपाटे के हाथों लॉट्री के माध्यम से निकाले गए 23 ग्राम पंचायतों के सरपंच पद महिलाओं के लिए आरक्षित होने से चुनाव लड़ने वाले कई पुरुषों की उम्मीदों पर चांद तारे नजर आते दिख रहे। सभा में संबंधित अधिकारियों सहित पूर्व जिप सदस्य, पूर्व सभापति, विभिन्न गांवों के सरपंच तथा बडी संख्या में चुनाव लडने के इच्छुक युवा उम्मीदवार उपस्थित थे।

इस मौके पर पंचायत समिति गटविकास अधिकारी बालासाहब येवले, नायब तहसीलदार मयूर चौधरी, वरिष्ठ विस्तार अधिकारी प्रवीण गावंडे आदि प्रमुखता से उपस्थित थे। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सरपंच पद वारेगांव, कोराडी, चिखली, पवनगांव, केम (महिला), वरंबा (महिला), चिकना (महिला), बाबुलखेडा (महिला) तो अनुसूचित जमाति के लिए आरक्षित गारला, तरोडी बु. (महिला) पिछड़े वर्ग के नागरिकों के लिए आरक्षित ग्रामपंचायत उमरी, लिहीगांव, खसाला, खैरी, दिघोरी, भिलगांव, सोनेगांव राजा (महिला) कापसी बु. (महिला), लोनखैरी (महिला), आवंडी (महिला), वडोदा (महिला), गादा (महिला) सर्व सामान्य श्रेणी के लिए आरक्षित ग्रामपंचायत भामेवाडा, घोरपड, गुंमथाला, गुमती, जाखेगांव, खापा, खेडी, नाना मांगली, नेरी, शिवनी, सुरादेवी, आडका (महिला), अजनी (महिला) भोवरी (महिला), भूगांव (महिला), बिना (महिला), कडोली (महिला), कवठा (महिला), केसोरी (महिला), महालगांव (महिला), परसाड (महिला), रनाला (महिला), टेमसना महिला के लिए आरक्षित किया गया है।

# धम्मसंगिनी बौद्ध विहार का हुआ लोकार्पण

**कामठी.**



धम्म संगिनी बौद्ध विहार, लिहीगाँव में रविवार को पंचशील ध्वजारोहण, बौद्ध विहार का उद्घाटन तथा तथागत बुद्ध और महामानव डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की पूर्ण आकार की मूर्तियों का अनावरण एवं बोधिवृक्ष का रोपण किया गया। यह उद्घाटन भदन्त नागदिपंकर महाथेरो और आयु. तुलसीराम गजभिये, महामाया महिला मंडल के कर कमलों द्वारा संपन्न हैं। इसके साथ ही, बुद्ध धम्म प्रचारक आदर्श कवि मंडल, नागपुर द्वारा समाज प्रबोधन भीम बुद्ध गीतों और भजनों का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें गायक युवराज अळीकने, प्रदीप कळबे, श्रद्धा नानवटकर, सुनील नितवरे, भीमराव पाटील, सविता नारनवरे, घनश्याम तागडे, भीमराव लोखंडे, दिलीप पौनिकर और रवींद्र बोरकर ने अपने भजनों और गायन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सायंकाल में, तुलसीराम गजभिये, रायभान गजभिये, प्रमोद खांडेकर, फुलचंद खांडेकर, करुणा रमेश बोरकर का सत्कार किया गया। साथ ही, अन्य गाँवों से धम्म संगिनी बौद्ध विहार को दान देने वाले सभी लोगों को सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विशेष फूटाने ने की, और मार्गदर्शन भदन्त नागदिपंकर महाथेरो, प्रविण कांबळे, डॉ. सुनंदा कांबळे, सुधाकर पाटील, प्रकाश लांजेवार, सरपंच अस्मितताई खांडेकर ने किया। सभी गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में निलेश खांडेकर, प्रशांत नगरकर, ग्रा.पं. सदस्य संध्या गजभिये, विशाखा बोरकर, पुलिस पाटील रोहित खांडेकर, उपसरपंच मुकेश हीवसे, अंजली ठाकरे, अध्यक्ष/सचिव शुभम वासनिक, प्रफुल्ल गजभिये, प्रेमदास गजभिये, शेखर बोरकर, पंकज बोरकर, राष्ट्रपाल सहारे, नरेश बोरकर, जगदीश खांडेकर, शिलवान गजभिये, धम्मपाल डोंगरे, हेमराज मेश्राम, देविदास मेश्राम, रतन खांडेकर, पवन चवरे, संजय वाहने, रुपेश बोरकर, मनोज मेश्राम, गौतम मेश्राम, किशोर मेश्राम, सिध्दार्थ बोरकर, श्रीराम खांडेकर, महिलाओं में सुनंदा खांडेकर, प्रभा खांडेकर, कंचना मेश्राम, शुशेला बोरकर, रंजना बोरकर, संध्या मेश्राम, वैशाली मेश्राम, शारदा बोरकर, कल्पना मेश्राम, शितल गजभिये, प्रीति खांडेकर, कुसुम खांडेकर, जनाबाई डोंगरे आदि महिलाएं उपस्थित रही। सूत्रसंचालन और आभार रवींद्र बोरकर द्वारा किया गया। गांव के बौद्ध उपासक, उपासिका, महामाया महिला मंडल, भारतीय बौद्ध महासभा, समता सैनिक दल, धम्म संगिनी बौद्ध विहार लिहीगांव के सभी ग्रामीण कार्यक्रम में उपस्थित थे।


## सब्जी उत्पादक किसान ने मेंदू ज्वर से तंग आकर की आत्महत्या


कोंढाली. कोंढाली से लगभग दो किलोमीटर दूर स्थित सलाई (रीठी) गांव में एक सब्जी उत्पादक किसान ने मेंदू ज्वर (दिमागी बुखार) से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। मृतक किसान की पहचान मुरलीधर दशरथ धर्मे (67) के रूप में हुई है। इस दुखद घटना की जानकारी कोंढाली पुलिस स्टेशन को दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुरलीधर धर्मे ने 23 अप्रैल की सुबह 4 से 5 बजे के बीच अपने खेत में स्थित एक मंदिर की घंटी में नायलॉन की रस्सी बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मुरलीधर धर्मे पिछले कई वर्षों से खेती कर रहे थे और अपने खेत में उगाई गई सब्जियां स्थानीय बाजार में बेचते थे।करीब दस साल पहले उन्हें मेंदू ज्वर हुआ था, जिसका इलाज चल रहा था। हालांकि, बीमारी के बढ़ते असर और लगातार दर्द के चलते वे मानसिक रूप से काफी परेशान हो गए थे।

# खरीफ सीजन में नकली बीज-खाद का खतरा बढ़ा, कृषि विभाग सतर्क

## > किसानों से अधिकृत विक्रेताओं से ही खरीदारी करने की अपील जारी

**कोंढाली.**







जैसे-जैसे खरीफ सीजन नजदीक आ रहा है, वैसे ही नकली बीज और उर्वरकों की बिक्री का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। जिला कृषि विभाग और काटोल तालुका कृषि अधिकारी ने किसानों को इस संबंध में सतर्क रहने की सलाह दी है।

तहसील कृषि अधिकारी रचना भोसले ने जानकारी देते हुए कहा कि हाल ही में कई स्थानों पर अनाधिकृत विक्रेता गांव-गांव जाकर किसानों को अधिक उत्पादन का झांसा देकर नकली बीज और खाद बेचने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में किसानों को सतर्क रहना जरूरी है। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे केवल लाइसेंसधारी कृषि केंद्रों से ही बीज, उर्वरक और कृषि औषधि खरीदें और खरीदारी के बाद रसीद लेना अनिवार्य समझें। नकली उत्पादों से बचने के लिए किसानों को कुछ जरूरी सावधानियां बरतने की सलाह दी गई है: बीज का पैकेज, बैच नंबर, उत्पादन और समाप्ति तिथि की जाँच करें। उर्वरक के बैग पर आईएसआई मार्क और निर्माण विवरण अवश्य देखें।

अनधिकृत दुकानों और फेरीवालों से खरीदारी न करें। हर खरीदारी की रसीद रखें ताकि भविष्य में शिकायत की जा सके। किसी भी संदेह की स्थिति में तुरंत कृषि सहायक या नजदीकी कृषि अधिकारी से संपर्क करें।

**सख्त कार्रवाई हो**

कृषि विभाग ने निरीक्षण और जांच अभियान भी शुरू कर दिया है, और स्पष्ट किया है कि नकली बीज व खाद बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। तहसील कृषि अधिकारी रचना भोसले, कृषि मंडल अधिकारी और अन्य स्थानीय कृषि सहायकों ने किसानों से अपील की है कि वे सजग रहें और केवल प्रमाणित स्रोतों से ही उत्पाद खरीदकर अपने खरीफ सीजन को सुरक्षित और सफल बनाएं।

# 'जयभीम' नारे के जनक बाबू हरदास के जीवन चरित्र का फडणवीस के हाथों विमोचन

**कामठी**




"जयभीम" नारे के जनक बाबू हरदास एल.एन. के मराठी भाषिय जीवन चरित्र का मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हस्ते विमोचन किया गया। बाबू हरदास एल.एन. मागास वर्गीय संस्था के संस्थापक अध्यक्ष किशोर गेडाम ने सन 2000 में हिंदी भाषीय ग्रंथ "समाज क्रांति का नारा जयभीम बाबू हरदास की खोज" यह ग्रंथ लिखा था और राज्य सरकार से मांग की थी कि इस हिंदी भाषा ग्रंथ को मराठी भाषा में प्रकाशित करें। 25 वर्ष के बाद इस ग्रंथ का जलगांव के सुरेश इंगले ने अनुवाद किया है। मुख्यमंत्री के सचिवालय हैदराबाद हाऊस नागपुर में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। 2029 में उनकी 125 वी जयंती होगी। उस संदर्भ में राज्य सरकार ने विविध योजनाओं पर काम करना चाहिए ऐसा निवेदन राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को दिया गया। जिसपर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उपरोक्त 125 जयंती के पूर्व बैठक लेकर विविध मांगों को मंजूर करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पूर्व विधायक डॉ.मिलींद माने, बाबू हरदास एल एन मागासवर्गीय संस्था के अध्यक्ष किशोर गेडाम, सचिव माया उके, छाया गेडाम, इंजि. संकेत गेडाम, दिलीप भस्मे, ताराचंद पकीडे, सुनिता रंगारीआदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से उपस्थित रहे।

# स्कॉलर इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एकेडमी ने पहले ही साल रचा इतिहास

**खापरखेड़ा.**

ग्रामीण क्षेत्र खापरखेड़ा स्थित स्कॉलर इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस अकॅडमी ने अपने पहले ही शैक्षणिक वर्ष में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। संस्थान के छात्रों ने प्रतिष्ठित जेईई मेन्स परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस सफलता के शीर्ष पर रहे छात्र यश कनोजे, जिन्होंने 98.52 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। इनके साथ रुद्र अनिल रोडे, वंशिका अनेश चौरे, पियुष चिकटे, माही बिन्झाडे, कृतिका वासनिक, प्रेपा कोठारे और भूमिक बागडे ने भी परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन कर सफलता के झंडे गाड़े। संस्थान की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। ग्रामीण परिवेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने और विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से शुरू किए गए इस संस्थान ने पहले ही वर्ष में अपने लक्ष्य को सार्थक कर दिखाया है। इस साल कुल 8 छात्रों ने जेईई मेन्स परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। संस्थान की इस सफलता में उनके समर्पित शिक्षकों का भी अहम योगदान रहा है। अनिल रोडे सर, अल्ताफ सर, शेख सर, दिनेश कोटांगळे, शैलेश रक्षित सर, अविनाश गजभिये, प्रवेश समर्थन और डॉ. विजय रोडे के मार्गदर्शन ने छात्रों को एक नई दिशा दी है।

# पहलगाम में फंसे बुलढाना के पांच पर्यटक

**बुलढाणा.**

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले से पूरे देश में गुस्से की लहर फैल गई है। इस बीच, होटल मालिक की सावधानी के कारण बुलढाना के 5 पर्यटकों की जान बच गई। मंगलवार को कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ। इस आतंकवादी हमले में 28 लोग मारे गए हैं। अतः परिस्थितिजन्य साक्ष्य के कारण कुछ लोगों की जान बच गयी है।

फिलहाल बुलढाना जिले के पांच लोग पहलगाम में फंसे हुए हैं। मंगलवार को जब पहलगाम में गोलीबारी हुई तो पांच लोग होटल के अंदर थे। बुलढाना से आए पांच लोग होटल से निकलने ही वाले थे कि होटल मालिक ने उन्हें रोक लिया। उन्होंने बताया कि गोलीबारी शुरू हो गई है। बाहर मत जाओ। बुलढाना के पांच लोग 18 तारीख को घूमने के लिए जम्मू-कश्मीर गए थे। इनमें तीन पुरुष और दो महिलाएं हैं।



इसमें सकल के जिला प्रतिनिधि अरुण जैन के भाई, उनकी पत्नी और तीन बच्चे शामिल हैं। जब गोलीबारी हुई तब बुलढाना का यह परिवार होटल में था। गोलीबारी की आवाज सुनकर परिवार काफी डर गया। फिलहाल जैन परिवार होटल में शरण लिए हुए है। कुल 5 लोग हैं। इनमें 2 महिलाएं और 3 पुरुष शामिल हैं। कश्मीर में फंसे इन पांच लोगों के नाम नीलेश जैन, पारस अरुण जैन, ऋषभ अरुण जैन, श्रीमती श्वेता नीलेश जैन, अनुष्का नीलेश जैन हैं।

18 तारीख को परिवार मुंबई से कश्मीर के लिए रवाना हुआ। जम्मू-कश्मीर के सभी स्थानों का भ्रमण करने के बाद हम 21 तारीख की रात को पहलगाम स्थित होटल पहुंचे।

22 तारीख की सुबह, जब हम पहलगाम में टहलने के लिए जाने वाले थे, तो होटल वालों ने हमें बताया कि वहां गोलीबारी हो रही है और हमें बाहर न जाने को कहा गया। अब बताया जा रहा है कि परिवार ठीक है।

## > होटल मालिक बना 5 लोगों के लिए देवदूत

# वीरा वॉरियर्स ग्रुप के 18 छात्रों ने ताइक्वांडो बेल्ट परीक्षा में हासिल की सफलता

**हिंगनघाट.**




डॉ. बी. आर. आंबेडकर विद्यालय में वर्धा जिला खेल ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित ताइक्वांडो बेल्ट परीक्षा में वीरा वॉरियर्स ग्रुप के 18 छात्रों ने सफलता पूर्वक परीक्षा उत्तीर्ण की। इस आयोजन में छात्रों ने अपने आत्मविश्वास, कौशल और अनुशासन का शानदार प्रदर्शन किया। इस परीक्षा में सफल होने वाले छात्रों के नाम हैं: खुशाली अरतपायरे, कशिश सहारे, खुशी कुमरे, शुभांगी उमाटे, प्रणाली जुमड़े, कशिश पावड़े, जानवी देवतले, अनिकेत अत्राम, ऋषिकेष जंबुलकर, जय चौधरी, मंथन महाकालकर, सार्थक बघेल, अर्नव अत्राम, निर्भय साखरकर, अंश जाधव, सक्षम चावरे, आलोक चौधरी और आयुष हमाद। परीक्षा का मूल्यांकन वर्धा जिला ताइक्वांडो खेल संघ के सचिव शाम खेमस्कर द्वारा किया गया। मुख्य प्रशिक्षक रोहित राउत ने बताया कि छात्रों ने उल्लेखनीय प्रगति दिखाई है और यह परीक्षा सिर्फ बेल्ट तक सीमित नहीं, बल्कि यह छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण, अनुशासन और आत्म-नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर सह प्रशिक्षक हर्ष मून, रोहित खैरकर, यश झाडे, संकेत नागराले, अदिति गायकवाड, मयूर नागराले, आरोही पिसे, रुचिका वानखेड़े और तनुश्री धनफोले के साथ-साथ आस्था खैरे, कशिश खैरे तथा अन्य पदाधिकारियों ने उपस्थित रहकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। सभी विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी इस सफलता पर बधाई दी और गर्व व्यक्त किया। यह परीक्षा छात्रों के आत्म-विकास की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम रही।

# रालेगांव तहसील में महामार्ग 44 पर हुआ भीषण हादसा

## > युवक का पैर टूटा, तीन अन्य घायल



**यवतमाल.**

जिले के रालेगांव तहसील में नागपुर-हैदराबाद राष्ट्रीय महामार्ग क्रमांक 44 पर किन्ही फाटा के पास दो मोटरसाइकिलों में जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक युवक को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि तीन अन्य लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं। यह हादसा वडकी पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले किन्ही फाटा के पास हुआ।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, पिंपळापूर गांव के रहने वाले अक्षय वसंत उपाते और मिथुन जाधव, अपनी बाइक से काम निपटाकर वडकी की ओर लौट रहे थे। जैसे ही वे किन्ही फाटा पर पेट्रोल भरवाने के लिए एक पंप पर रुके, तभी वडकी से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में अक्षय उपाते के पैर में गंभीर चोट आई, जिससे उनका पैर फ्रैक्चर हो गया। मिथुन जाधव को सिर और हाथ में हल्की चोटें आईं, जबकि अन्य दो युवक समीर इडासे और संजीव इडासे भी हल्के रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही वडकी पुलिस और राष्ट्रीय महामार्ग की एंबुलेंस टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को ग्रामीण अस्पताल करंजी में भर्ती कराया गया है। वडकी पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों मोटरसाइकिलों को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# रोटरी क्लब एवं पी वी टेक्सटाइल के सहयोग से निःशुल्क कैंसर जांच शिविर का सफल आयोजन

**हिंगनघाट.**

रोटरी क्लब हिंगनघाट द्वारा पी. वी. टेक्सटाइल के सहयोग एवं नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट, नागपुर की विशेषज्ञ टीम की भागीदारी से महिलाओं के लिए तीन दिवसीय निःशुल्क स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की प्रारंभिक अवस्था में पहचान कर समय रहते उपचार सुनिश्चित करना था।

शिविर का आयोजन दो दिन पी. वी. टेक्सटाइल जाम परिसर में तथा तीसरे दिन माहेश्वरी भवन में किया गया। शिविर के उद्घाटन अवसर पर माहेश्वरी पंचायत के अध्यक्ष राजेन्द्र राठी प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर रोटरी क्लब अध्यक्ष रो. सीए जितेंद्र वर्मा, सचिव उदय शेंडे, प्रकल्प निर्देशक प्रा. माया मिहानी, मंजूषा मुले, डॉ. अशोक मुखी एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। शिविर के दौरान 500 से अधिक महिलाओं की प्रारंभिक स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से 230 महिलाओं को विशेष परीक्षण के लिए मोबाइल टेस्टिंग यूनिट में भेजा गया। इनमें 36 महिलाओं की मैमोग्राफी तथा 44 महिलाओं का पैप स्मीयर टेस्ट किया गया। शेष महिलाओं की जांच रिपोर्ट सामान्य पाई गई। इसके साथ ही 58 पुरुषों की मुख कैंसर जांच भी की गई, जिनमें अधिकांश तंबाकू सेवन करने वाले पाए गए। सभी जांचें एनसीआई नागपुर की डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम द्वारा की गईं, जिनमें दो महिला डॉक्टरों ने महिलाओं की एवं एक पुरुष डॉक्टर ने पुरुषों की जांच की।



शिविर में महिलाओं को जागरूक करने एवं शामिल होने हेतु प्रेरित करने में डॉ. प्रणाली सायंकर की भूमिका सराहनीय रही। वहीं डॉ. रेखा कटारिया, कीर्ति दिघे एवं डॉ. रूपल कोठारी ने प्रारंभिक स्क्रीनिंग की। डॉ. सीमा मानधनिया ने महिलाओं को कैंसर जांच की आवश्यकता पर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस शिविर की सफलता में विश्व सिंधी सेवा संगम एवं माहेश्वरी युवा मंच की महिला सदस्याओं सहित रोटरी क्लब के सभी सदस्यों जैसे श्री सुरेश चौधरी, पुंडलिक बकाने, अभिजीत बिड़कर, प्रा. उदय भोकरे, मुरली लाहोटी, मुकुंद मुंधड़ा, निशा शर्मा, प्रा. शंकर बोन्डे, पितांबर चंदानी, केदार जोगलेकर, मितेश जोशी एवं सतीश डांगरे का सहयोग उल्लेखनीय रहा।

यह स्वास्थ्य शिविर न केवल जांच की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि लोगों में स्वास्थ्य के प्रति सजगता और समय पर जांच कराने की जागरूकता फैलाने में भी सफल रहा।

# घाटंजी महिला हत्या मामले का 24 घंटे में पर्दाफाश, आरोपी प्रेमी गिरफ्तार

**यवतमाल.**



जिले के घाटंजी के खापरी इलाके के इस्तारी नगर में एक महिला की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया था। हालांकि, पुलिस की त्वरित जांच में यह हत्या निकली। अनैतिक संबंध के चलते प्रेमी ने ही प्रेमिका की हत्या कर दी, यह पुलिस जांच में सामने आया है और पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मृतक 28 वर्षीय प्रीति सचिन डाखरे खापरी में किराए पर रहती थीं। उनके पति का कुछ साल पहले निधन हो गया था। वह एक निजी कंपनी में काम करती थीं। 21 अप्रैल 2025 की सुबह वह घर में मृत पाई गईं। मकान मालिक ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। उपविभागीय पुलिस अधिकारी रामेश्वर व्यंजेने के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक निलेश सुरडकर और उनकी टीम ने गहन जांच की।

जांच के दौरान प्रीति के अजय नेवारे नमक व्यक्ति के साथ के साथ प्रेम संबंध होने की बात सामने आई। इसी प्रेम संबंध के चलते दोनों के बीच विवाद हुआ और इसी विवाद में अजय ने प्रीति की हत्या करने की बात कबूल कर ली, ऐसा पुलिस ने बताया। पुलिस ने आरोपी अजय नेवारे को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच कर रही है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

# चलती बस में लगी आग,सभी यात्री सुरक्षित

**गोंदिया.**



जिले के सड़क अर्जुनी तहसील में राष्ट्रीय राजमार्ग के फ्लाईओवर के सर्विस रोड पर रायपुर से हैदराबाद जा रही एक निजी यात्री बस में अचानक आग लग गई।

बस चालक को जैसे ही आग लगने का पता चला, उसने तुरंत बस रोक दी और सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से नीचे उतारा। लेकिन इसके कुछ ही मिनटों में बस में आग तेजी से फैल गई। यात्री बस से अपना सामान भी नहीं निकाल पाए और इस आग में बस के साथ-साथ कई यात्रियों का सामान भी जल गया। हालांकि, बाद में यात्रियों को दूसरी बस से हैदराबाद भेजा गया। बस में आग लगने के कारण बसों के टायर फटने से दो बार बड़ा विस्फोट भी हुआ, जिससे स्थानीय नागरिक काफी डर गए थे। बाद में पुलिस की मदद से राजमार्ग पर यातायात सुचारु कराया गया।

# दोपहर में ट्रैफिक सिग्नल बंद रहेंगे

## > यातायात विभाग ने मनपा आयुक्त को लिखा पत्र

**अमरावती.**



शहर में बढ़ती गर्मी को देखते हुए यातायात पुलिस विभाग ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विभाग के सहायक पुलिस आयुक्त ने मनपा आयुक्त को एक पत्र लिखकर दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक शहर के सभी ट्रैफिक सिग्नल बंद रखने का अनुरोध किया है। यातायात एसीपी कार्यालय द्वारा जारी किए गए इस पत्र में कहा गया है कि तेज धूप में ट्रैफिक सिग्नल पर खड़े रहने वाले वाहन चालकों को लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए, इस अवधि के दौरान यातायात नियंत्रण प्रणाली को बंद रखना आवश्यक है।

पत्र में शहर के कुछ प्रमुख चौराहों का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है, जहां वाहन चालकों को सीधी धूप का सामना करना पड़ता है। इनमें राजकमल चौक, पंचवटी चौक, इरविन चौक, शेगांव नाका, गर्ल्स हाई स्कूल चौक और शिव टेकड़ी चौक शामिल हैं। इन चौराहों पर धूप से बचाव के लिए ग्रीन नेट जैसी कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं है, जिससे वाहन चालकों को कड़ी धूप में इंतजार करना पड़ता है। यातायात विभाग का यह कदम वाहन चालकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। अब देखना यह है कि मनपा आयुक्त इस अनुरोध पर क्या निर्णय लेते हैं। इस बीच, दोपहर के समय इन चौराहों पर यातायात व्यवस्था कैसे संचालित की जाएगी, यह भी एक महत्वपूर्ण सवाल है।

# लोजपा और अ.भा. महात्मा फुले समता परिषद के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. बाबासाहब आंबेडकर जयंती मनाई गई

**हिंगनघाट.**

लोक जनशक्ति पार्टी और अखिल भारतीय महात्मा फुले समता परिषद के संयुक्त तत्वावधान में टिलक चौक, हिंगनघाट में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता लोक जनशक्ति पार्टी के पूर्व वर्धा जिलाध्यक्ष संतोष तिमांडे गुरुजी ने की। प्रमुख अतिथि के रूप में शिवसेना के पूर्व जिल्हा उपप्रमुख शंकरराव झाडे, लोक जनशक्ति पार्टी वर्धा जिल्हा उपाध्यक्ष मोरेश्वरराव पिंपलशेंडे, लोजपा जिलाध्यक्ष केशव तितरे, सामाजिक कार्यकर्ता रूपेश लाजुरकर, लोजपा (रा.) हिंगनघाट शहर अध्यक्ष नौबल जयराज, सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत पाटिल ठाकरे, महात्मा फुले समता परिषद के प्रगत तितरे, प्रविण काटवले, रमेशराव पिंपलकर, नारायण पेंदे सहित कई अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर की गई। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार केशव तितरे ने किया।



प्रारंभिक भाषण में मोरेश्वरराव पिंपलशेंडे ने ओबीसी वर्ग के लिए बाबासाहेब द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। शंकरराव झाडे ने बाबासाहब के सामाजिक और संविधान निर्माण में दिए गए योगदान को रेखांकित किया। अध्यक्षीय भाषण में संतोषराव तिमांडे ने ओबीसी और श्रमिक वर्ग को प्राप्त अधिकारों पर बाबासाहेब के प्रयासों का उल्लेख किया। इस अवसर पर गुड्डुसिंग जयराज, अनुराग गायकवाड़, रूपेश लाजुरकर, गोलु डफ, रमेश मसादे, भाऊराव धकाटे, हिरामन कुबडे, नारायण पेंदे, छत्रपति ठाकरे पाटिल, मधुकर डंभारे, कमलाकर कावले, सुभाषराव काटकर, प्रकाश डांगे, कार्तिक काटकर, प्रगत तितरे, सूर्यकांत बोकडे, भास्करराव चांगले, रवि सावले, उमेश कुंभेकर, चंपत बावणे, गोविंद दांडेकर, शिवा ठाकरे, गजानन मानकर, अभि ठाकरे सहित लोजपा और महात्मा फुले समता परिषद के कई कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन नौबल जयराज और प्रगत तितरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम संपूर्ण रूप से सौहार्द्र और उत्सवपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# हिंगनघाट बाजार समिति को राज्य में प्रथम स्थान

## > स्मार्ट परियोजना रैंकिंग में रचा इतिहास

**हिंगनघाट.**

विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित माननीय बालासाहब ठाकरे कृषि व्यवसाय और ग्रामीण परिवर्तन (स्मार्ट) परियोजना 2023-24 की वार्षिक रैंकिंग में हिंगनघाट कृषि उत्पन्न बाजार समिति ने पूरे महाराष्ट्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। समिति को 200 में से 178 अंक प्राप्त हुए हैं, जो कि एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

पूर्व में वर्ष 2021-22 की रैंकिंग में समिति को दूसरा स्थान मिला था, जहां उसने 161 अंक अर्जित किए थे। इसके बाद समिति ने अपनी कमियों का विश्लेषण कर सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाए। विश्व बैंक और विपणन विभाग द्वारा निर्धारित बुनियादी ढांचे, वित्तीय मानदंडों, वैधानिक कार्यों एवं अन्य मापदंडों के अनुसार व्यापक सुधार किए गए, जिससे इस बार समिति ने अव्वल स्थान प्राप्त किया। प्रस्तावित अंकों की जांच तहसील, जिला और अंततः पुणे स्थित विपणन संचालनालय द्वारा की गई। महाराष्ट्र की कुल 305 बाजार समितियों में से हिंगनघाट ने 200 में से 178 अंक प्राप्त कर राज्य में पहला स्थान हासिल किया।






### सामाजिक व शैक्षणिक पहलें:

कृषि चर्चा सत्र, हल्दी परिषद का आयोजन
स्कूलों को फ्री किताबें, सीलिंग फैन, डिजिटल क्लासेस के लिए कंप्यूटर
छात्र-छात्राओं को यूनिफॉर्म और लैपटॉप
गुलाबी बोंड अली नियंत्रण हेतु फेरो ट्रैप वितरण
किसान के निधन या आपदा में आर्थिक सहायता
पौधारोपण हेतु निःशुल्क पौधे वितरण
उपबाजारों में ताबूत सुविधा
इस तरह के व्यापक प्रयासों और किसानों को केंद्र में रखकर की गई सुविधाओं की बदौलत हिंगनघाट बाजार समिति राज्य की नंबर 1 समिति बनी है। यह पूरे महाराष्ट्र के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है।

इसमें आर्थिक मानदंड में 45 में से 35, वैधानिक कामकाज में 55 में से 50 और अन्य श्रेणियों में 30 में से 23 अंक शामिल हैं।

### किसानों के लिए की गई प्रमुख पहलें:

₹ 9 में पौष्टिक भोजन
₹ 1 में आवास सुविधा
निःशुल्क चाय और आरओ पानी
शादी के अवसर पर किसानों के लिए ₹ 1000 में शेतकरी भवन
खेतमाल विक्री के लिए लीला रोड
संपूर्ण यार्ड में सीसीटीवी कैमरे
इलेक्ट्रॉनिक कांटे से तौल व्यवस्था
जनरेटर, गोदाम, तारण कर्ज और स्वच्छता सुविधाएं
एमएमएस अलर्ट सुविधा

**सभापति एड. सुधीर कोठारी ने बताया:** "इस सफलता का श्रेय बाजार समिति के सभी घटकों – किसान, हमाल, मापारी, कर्मचारी और सहयोगियों को जाता है।"

# दिव्यांग महिला दुर्घटनाग्रस्त, मौत पर न्याय की मांग



## > संगठन ने दी आंदोलन की चेतावनी

**वर्धा.**

तहसील कार्यालय क्षेत्र में 21 अप्रैल की शाम एक वाहन चालक की लापरवाही के चलते दिव्यांग महिला की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद राष्ट्रीय अपंग महासंघ, महाराष्ट्र राज्य द्वारा दोषी कार चालक पर विकलांग व्यक्ति अधिनियम 2016 के तहत सख्त कार्रवाई और मृत महिला के परिवार को मुआवजा देने की मांग की गई है।

इस संदर्भ में राष्ट्रीय अपंग महासंघ की वर्धा जिला शाखा ने उप-विभागीय अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। संगठन ने स्पष्ट किया कि यदि मृत दिव्यांग महिला को न्याय नहीं मिला, तो दिव्यांग संगठन द्वारा अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन में कहा गया कि तहसील कार्यालय परिसर में पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण वाहन चालक गैर-जिम्मेदाराना तरीके से वाहन खड़े कर रहे हैं, जिससे आम नागरिकों और विशेष रूप से दिव्यांग जनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दुर्घटना में दिव्यांग महिला की मौत से उसके परिवार को गहरा आघात पहुँचा है। संगठन ने मांग की है कि इस मामले की गंभीरता से जांच की जाए, दोषी चालक पर कड़ी कानूनी कार्रवाई हो और पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता दी जाए।

ज्ञापन सौंपते समय संगठन के पदाधिकारी और कई दिव्यांगजन उपस्थित थे। संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर न्याय नहीं मिला तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।




# हैदराबाद में आया रोहित शर्मा का तूफान

## मुंबई इंडियंस ने हैदराबाद को 7 विकेट से हराकर लगाया जीत का चौका



**हैदराबाद.** इंडियन प्रीमियर लीग का 41वां मैच सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच खेला गया. इस मैच में एक बार फिर रोहित शर्मा का बल्ला गरजा. हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था. हैदराबाद की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई के सामने 144 रनों का लक्ष्य रखा था. जिसके जवाब में उतरी मुंबई ने रोहित शर्मा की 70 रनों की आतिशी पारी और सूर्या की 19 गेंदों में 40 रनों की नाबाद पारी के दम पर ये मैच 16वें ओवर में ही जीत लिया. 144 रनों के जवाब में उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दूसरे ही ओवर में रयान रिकल्टन ने अपना विकेट गंवा दिया. लेकिन रोहित शर्मा ने कमाल की बल्लेबाजी की और विल जैक्स के साथ पारी को संभाला. रोहित ने महज 35 गेंदों पर फिफ्टी जड़ दी. लेकिन 10वें ओवर में विल जैक्स का विकेट गिर गया. जैक्स ने 22 रन बनाए. लेकिन इसके बाद रोहित शर्मा का आक्रामक रूप दिखा. रोहित ने 46 गेंदों में 70 रनों की आतिशी पारी खेली. 15वें ओवर में जब रोहित आउट हुए तो मुंबई को जीत के लिए 32 गेंदों में केवल 14 रन चाहिए थे. इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने आतिशी पारी खेली और मुंबई को 16वें ओवर में ही जिता दिया. ये मुंबई की लगातार चौथी जीत थी. पहले बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत अच्छी नहीं रही. दूसरे ही ओवर में बोल्ट ने ट्रैविस हेड को आउट कर दिया. हेड खाता भी नहीं खोल सके थे. इसके बाद अगले ही ओवर में दीपक चाहर ने ईशान किशन को आउट कर दिया. इसके बाद फिर तीसरे ओवर में बोल्ट ने अभिषेक शर्मा और फिर अगले ही ओवर में नीतीश रेड्डी भी चलते बने. इसके बाद क्लासेन औप अनिकेत के बीच एक साझेदारी पनप ही रही थी. लेकिन हार्दिक पंड्या ने 9वें ओवर में उन्हें भी आउट कर दिया. हालांकि, इसके बाद अभिनव मनोहर और हेनरिक क्लासेन ने हैदरबाद की पारी को संभाला. क्लासेन ने ताबड़तोड़ फिफ्टी जड़ी और आतिशी बल्लेबाजी की. बाद में अभिनव मनोहर ने भी तेवल दिखाए. 9 ओवर में हैदराबाद के 5 विकेट चटकाने वाली मुंबई इसके बाद विकेटों को तरस गई. क्लासेन ने 71 रनों की पारी खेली और मनोहर के बल्ले से 41 रन निकले. जिसके दम पर हैदराबाद ने मुंबई को 144 का लक्ष्य दिया. 16वें ओवर की चौथी बॉल पर सूर्यकुमार यादव ने जीशान अंसारी के खिलाफ चौका लगाया। इसी के साथ मुंबई ने हैदराबाद को 7 विकेट से हरा दिया।

# भाजपा पदाधिकारियों ने मंगेश यादव का किया अभिनंदन



**कामठी.** भारतीय जनता पार्टी के कामठी शहर महामंत्री विनोद संगेवार ने नवनियुक्त कामठी शहर अध्यक्ष मंगेश यादव का अभिनंदन करते हुए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के समक्ष संगठन को अधिक मजबूत करने की बात कही। विनोद संगेवार ने कहा कि सभी को नवनियुक्त कामठी शहर भाजपा अध्यक्ष मंगेश यादव के साथ मिलकर जनता के बीच जाकर राष्ट्रहित के लिये भाजपा की नीतियों का प्रचार करना होगा। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने के लिये काम करें। आज राष्ट्र भाजपा की ओर ही आशाभरी निगाहों से देख रहा है। संगठन को अधिक मजबूत करने के लिए भाजपाईयों को तन, मन से काम करना होगा। इस मौके पर ज़िला महामंत्री व जिला परिषद पूर्व सदस्य अनिल निधान, राजेश रंगारी, शहर कार्याध्यक्ष राज हाड़ोती, ज़िला सदस्य राजेश उर्फ़ लाला खंडेलवाल, नरेश कलसे, प्रतीक पडोले, चंद्रकांत सिरिया, मोहन साहू, दीपक संगेवार, महेश महाजन, कपिल गायधने, नरेश पारवानी, योगेश गायाधने आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रमुखता से मौजुद रहें।

# शिवसेना की ओर से कश्मीर हमले का तीव्र विरोध




**भंडारा.** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में दिनांक 22 अप्रैल को पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों पर की गई बर्बर गोलीबारी में 28 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई। यह घटना अत्यंत निंदनीय और क्षोभजनक है। इस भीषण आतंकी हमले के विरोध में शिवसेना (उद्धव बाळासाहेब ठाकरे) की ओर से 23 अप्रैल, बुधवार को भंडारा के जिलाधिकारी कार्यालय चौक पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और अपना रोष प्रकट किया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आतंकवादी कई दिनों से कश्मीर में सक्रिय थे, इसके बावजूद खुफिया एजेंसियों को इसकी भनक न लग पाना दर्शाता है कि खुफिया तंत्र पूरी तरह से विफल रहा है। शिवसेना ने इस घटना की जिम्मेदारी गृह मंत्रालय पर डालते हुए गृह मंत्री अमित शाह से तत्काल इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन में शिवसेना जिला प्रमुख संजयभाऊ रेहपाडे, युवासेना जिला अधिकारी श्रीकांत मेश्राम, तालुका संघटक तिलक सार्वे, उपशहर प्रमुख राकेश आग्रे, सुधीर उरकुडे, सोमेंद्र शहारे, विजय धकाते, राहुल ईश्वरकर, निलेश चामट, विनोद डाहारे, मयूर जोशी, सुनील नागपुरे, रोहित बन्सोड, गौरीशंकर नागपुरे, अनिरुद्ध गाढवे, विलास बुराडे, संजय धकाते, संदीप गभणे सहित अनेक शिवसेना पदाधिकारी उपस्थित थे।

# निर्भीक ग्रामीण विकास बहुउद्देशीय संस्था की ओर से शिक्षा सामग्री वितरण

## > मेधावी छात्रों को किया जाएगा सन्मानित




**वर्धा.** निर्भीक ग्रामीण विकास व बहुउद्देशीय संस्था, नागपुर द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद छात्रों के लिए शैक्षणिक साहित्य वितरण का आयोजन 27 अप्रैल 2025 को धानोरा स्थित हनुमान मंदिर परिसर में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में छात्रों को शालेय साहित्य वितरित किया जाएगा एवं मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उनके गुणों की सराहना की जाएगी। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था की अध्यक्ष सौ. जया सतीश अंभोरे, कार्यकारी अभियंता सतीशजी अंभोरे (सार्वजनिक बांधकाम विभाग, वर्धा), इमरान राही (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, शास्त्री सोशल फोरम), विजय सत्याम (अध्यक्ष, लॉयन्स क्लब वर्धा), एवं वरिष्ठ पत्रकार संतोष तुरक द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में श्यामसुंदरजी राठी (ज्येष्ठ समाजसेवी, आर्वी), शशांक चतारे (वरिष्ठ पत्रकार, वर्धा), विजय नाखले (पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, ऑल इंडिया शास्त्री सोशल फोरम), आनंद बुचे (पुलिस पाटील, धानोरा) उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिभाऊजी मांदाडे (ज्येष्ठ समाजसेवी, धानोरा) करेंगे। उनके साथ पंकज चांडक (ज्येष्ठ समाजसेवी, वर्धा), विलास कुलकर्णी, सौ. रेखा कावड़े (अध्यक्ष, स्नेहालय वर्धा), महेश देवडे (पूर्व सरपंच, ग्रामपंचायत भानखेड़ा) और समाजसेवी विलास वाटगुळे भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन श्रीकांत उल्हास पवार द्वारा किया जाएगा। संस्था ने नागरिकों और छात्रों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है।


# राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस पर वसंत पापडे 'जीवन गौरव पुरस्कार' से सम्मानित




**नागपुर.** पब्लिक रिलेशन्स सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई), नागपुर चैप्टर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नागपुर महानगर पालिका के पूर्व जनसंपर्क अधिकारी वसंत पापडे को 'जीवन गौरव पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। 86 वर्षीय पापडे को यह सम्मान राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर रविभवन सभागृह में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। इस मौके पर "कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जिम्मेदारी से उपयोग पर जनसंपर्क की भूमिका" विषय पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता एस. पी. सिंह ने की और डॉ. मोइज़ हक तथा प्रशांत जोशी मुख्य वक्ता रहे। वक्ताओं ने एआई के बढ़ते प्रभाव, संभावित खतरों और जनसंपर्क में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। वसंत पापडे ने सम्मान के उत्तर में कहा कि पहले जनसंपर्क में आत्मीयता ज्यादा थी, जबकि आज तकनीक के कारण दूरियां बढ़ गई हैं। उन्होंने पुराने दौर और आज की कार्यशैली में आये बदलावों को साझा किया। उन्होंने पीआरएसआई नागपुर चैप्टर को इस सम्मान के लिए आभार प्रकट किया। मानव के दिमाग से कोई भी नहीं जीत सकता है. इसलिए इस नई चुनौती से घबराने की जरुरत नहीं है. कार्यक्रम का संचालन सचिव मनीष सोनी ने किया. अतिथियों का परिचय वाईस चेयरमैन अखिलेश हलवे ने कराया. आभार प्रदर्शन मधुसुदन देशमुख, वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य ने किया. इस अवसर पर वेकोलि के महाप्रबंधक पी नरेंद्र कुमार, शरद मराठे, अमित वाजपेयी, प्रशांत श्रीवास्तव, अविनाश बागड़े, संतोष बादल, प्रदीप खर्डेनवीस, दिलीप तांदले, राजेश वासनिक, संजय चिंचोले, युवराज पडोले उपस्थित थे.

# कवियों ने बिखेरे हाइकू के रंग, हाइकू संध्या का ऑनलाइन आयोजन

**नागपुर.** आज इंटरनेशनल हाइकू पोएट्री डे के अवसर पर ग्लोबल जर्नलिस्ट एसोएशिन की ओर से हमारे हाइकू नाम का एक विशेष आयोजन किया गया, जिसमें अलग-अलग जगहों से शामिल हुए हाइकूकारों ने ईश्वर, प्रकृति, प्रेम, जीवन, देशभक्ति और रिश्ते आदि विषयों पर एक से बढ़कर एक स्वरचित हाइकू पेश किये. ग्लोबल जर्नलिस्ट एंड राइटर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस ऑनलाइन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राकेश कन्हैयालाल ने अपने हाइकू सुनाए और समस्त प्रतिभागियों का उत्साहवर्द्धन किया. कार्यक्रम अध्यक्ष पुष्पेन्द्र फाल्गुन ने भी कुछ हाइकू प्रस्तुत किये और अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि हाइकू काव्य की एक ऐसी विधा है, जिसमें बहुत सरल सी लगने वाली बात को भी सुंदरता के साथ अभिव्यक्ति दी जा सकती है, और बहुत गहरी बात को भी. कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कवयित्री, लेखिका व प्रकाशक रीमा चड्ढा ने किया और कार्यक्रम का संयोजन लेखिका, हाइकू विषेषज्ञा व हाइकूकार उषा अग्रवाल ने किया. कार्यक्रम का परिचय एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने दिया और आभार प्रदर्शन संगठन सचिव प्रा. सूरज तेलंग द्वारा किया गया. इस आयोजन को सफल बनाने के लिए उन्होंने रीमा चड्ढा व उषा अग्रवाल का विशेष रूप से धन्यवाद व्यक्त किया. इस कार्यक्रम में शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र से जुड़े डेढ़ दर्जन से अधिक प्रतिभागियों ने अपने हाइकू प्रस्तुत किए. इनमें डॉ. किंजल ईलेश मेहता, शगुफ्ता यासमीन काजी, कमलेश चौरसिया, सुषमा अग्रवाल, पूनम मिश्रा, मधु सिंधी, रमेश यादव, मधु पाटोदिया, डॉ. अनीता वानखेडे, वंदना सहाय, पायल जायसवाल, नीलम शुक्ला आदि की प्रस्तुतियां विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में दीपशिखा अग्रवाल, भूमिजा अग्रवाल, अनिल शर्मा, लक्ष्मी साहू आदि भी प्रमुखता से उपस्थित थे.




# बेटी के जन्म पर समाजसेवी नितिन पाटिल ने लगाए 100 पौधे

## > पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**नागपुर.**

बेटी के जन्म के उपलक्ष्य में समाजसेवी नितिन पाटिल ने एक प्रेरणादायक पहल करते हुए 100 पौधे लगाने का संकल्प पूरा किया। उन्होंने यह पौधारोपण नागपुर के गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज, दहेगांव रंगारी और मध्यप्रदेश के बैतूल सहित कई स्थानों पर किया। नितिन पाटिल का मानना है कि बेटी का जन्म ईश्वर का सबसे अनमोल तोहफा होता है, और इस खुशी को यादगार बनाने के लिए उन्होंने हरियाली को बढ़ावा देने का निश्चय किया। उनके इस प्रयास का उद्देश्य केवल वृक्षारोपण ही नहीं, बल्कि समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना भी है। उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति किसी खास अवसर पर पौधे लगाए, तो यह छोटे-छोटे कदम मिलकर बड़े बदलाव ला सकते हैं। उनकी इस अनूठी पहल से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिला है, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच और हरियाली के प्रति लगाव भी पैदा हुआ है। यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरित भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 257-4 | 289-9 |
| श्रीदेवी नाईट | 568-9 | 230-5 |